# ओरछा और चंदेरी के लिए हेलीकॉप्टर सेवा प्रारंभ

## पर्यटन और धार्मिक यात्राओं को सुगम, सुरक्षित और आनंददायक बनाना हेली पर्यटन सेवा का उद्देश्य

**भोपाल, 19 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि ओरछा में राजा के रूप में विराजमान भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए पीएमश्री हेली सेवा के रूप में ओरछा के लिए पुष्पक विमान की व्यवस्था की गई है. परशुराम जयंती के मंगल अवसर पर पर्यटन की दिशा में आज मध्यप्रदेश ऐतिहासिक कदम बढ़ा रहा है.**



उन्होंने कहा कि भोपाल-ओरछा और चंदेरी सेक्टर के लिए पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा का शुभारंभ हो रहा है. आज जिन दो नगरों के लिए सेवा की शुरुआत की गई है, दोनों ही प्रदेश के विरासत स्थल हैं. चंदेरी का संबंध भी श्रीराम और श्रीकृष्ण से ही है. चंदेरी, पौराणिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन नगरी के रूप में विख्यात है. मध्यप्रदेश में तेजी से बढ़ रहे एविएशन सेक्टर से महाराष्ट्र सहित कई राज्य प्रेरणा ले रहे हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को राजधानी के स्टेट हैंगर से पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा के अंतर्गत नए सेक्टर भोपाल - चंदेरी-ओरछा का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे.

> मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि हेली पर्यटन सेवा सर्वप्रथम ओंकारेश्वर-महाकालेश्वर-इंदौर सेक्टर में और कान्हा-बांधवगढ़-मैहर की माताजी-अमरकंटक-चित्रकूट में आरंभ हुई. आज हेली सेवा का तीसरा सेक्टर आरंभ हो रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा के अंतर्गत चंदेरी से ओरछा का किराया 2,750 रुपए ,भोपाल से चंदेरी का 5,500 रुपये और भोपाल से ओरछा का किराया 6,500 रुपये रखा गया है. भोपाल से ओरछा का पैकेज 14 हजार 500 का है, जिसमें 13 हजार रुपये हेलीकॉप्टर का किराया, टैक्सी का शुल्क 1150 रुपए और दर्शन एवं प्रसाद के लिए 350 रुपए का भुगतान करना होगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इस यात्रा के संचालन में मैचिंग ग्रांट के अंतर्गत बड़ी राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है.

> प्रदेश में आवागमन की दृष्टि से हेली पर्यटन सेवा, पर्यटकों का समय बचाने और यात्रा की रोचकता को बढ़ाने में सहायक होगी. इससे प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों का विस्तार होगा, इन गतिविधियों के प्रोत्साहन से प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों का भी स्वतः संचालन होता है और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते हैं. पर्यटन को प्रोत्साहित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है. प्रदेश में सभी ओर हवाई सेवाओं का विस्तार किया गया है.

# उपार्जन केंद्रों में तौल कांटे 4 से बढ़ाकर 6 किए गए

**भोपाल, 19 अप्रैल. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि किसानों की सुविधा के लिए उपार्जन केंद्रों पर तौल कांटों की संख्या चार से बढ़ाकर 6 कर दी गई है. इससे समय पर किसानों द्वारा लाये गए गेहूं की तुलाई हो सकेगी.**



न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक एक लाख 36 हज़ार 237 किसानों से 59 लाख 48 हजार 980 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है. किसानों को 575 करोड़ 86 लाख रुपए का भुगतान उनके बैंक खाते में किया जा चुका है. अभी तक 4 लाख 62 हजार 19 किसानों द्वारा 1 करोड़ 97 लाख 29 हजार 339 क्विंटल गेहूँ के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किये जा चुके हैं. खरीदी के लिये 3171 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं. गेहूँ की खरीदी कार्यालयीन दिवसों में होती है. सेटेलाइट ई-मेल में मिलान नहीं पाए गए खसरों को छोड़कर उसी किसान के शेष खसरों पर गेहूँ की फसल विक्रय के लिये स्लॉट बुकिंग की सुविधा दी गई है.



# प्रदेश में कहीं लू का अलर्ट कहीं बारिश के आसार

**06** जिलों में बारिश की आशंका

**44** डिग्री रतलाम का तापमान

**भोपाल, 19 अप्रैल. मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच मौसम ने अचानक करवट ली है. जहां एक ओर कई जिलों में लू का असर बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर कुछ इलाकों में बारिश और बादलों की संभावना ने राहत की उम्मीद जगाई है.**

मौसम विभाग ने निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में लू का अलर्ट जारी किया है, जबकि प्रदेश के करीब 6 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है. सबसे अधिक तापमान रतलाम में 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे ज्यादा है. इसके अलावा उमरिया (43.8 डिग्री), मंडला (43.2 डिग्री), खजुराहो (42.9 डिग्री), गुना (42.8 डिग्री), दतिया (42.6 डिग्री) और दमोह-नौगांव (42.5 डिग्री) भी तेज गर्मी की चपेट में रहे. बड़े शहरों में ग्वालियर 41.9 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा, जबकि भोपाल में 41.4 डिग्री, जबलपुर में 41.7 डिग्री, इंदौर में 40.4 डिग्री और उज्जैन में 40.6 डिग्री तापमान दर्ज किया गया.

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अप्रैल और मई सामान्यतः सबसे गर्म महीने होते हैं, लेकिन इस बार सक्रिय मौसम प्रणालियों के कारण तापमान में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है. अप्रैल में दूसरी बार बारिश के आसार बन रहे हैं, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है.

### दोपहर की धूप से बचें

हालांकि, तेज गर्मी के बीच सतर्कता बेहद जरूरी है. विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि लोग अधिक पानी पिएं, दोपहर की धूप से बचें, हल्के और सूती कपड़े पहनें तथा बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें. बदलते मौसम के इस दौर में सावधानी ही बचाव का सबसे बेहतर उपाय है.

# पुलिस ने बरामद किए आभूषण



**15** लाख रुपए के थे आभूषण

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 19 अप्रैल. मध्यप्रदेश के रीवा जिले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई और सतर्कता का सराहनीय उदाहरण पेश करते हुए कुछ ही घंटों में गुम हुए सोने-चांदी के आभूषणों से भरा बैग बरामद कर लिया.**

बरामद आभूषणों की कीमत लगभग 15 लाख रुपये बताई जा रही है. रीवा निवासी सुमन सिंह ने अमहिया थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वे अजगरहा से सिरमौर चौक तक ऑटो-रिक्शा से यात्रा कर रही थीं. इसी दौरान उनका कीमती आभूषणों से भरा बैग वाहन में ही छूट गया, जिससे वे काफी चिंतित हो गईं. शिकायत मिलते ही पुलिस ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली.

# पद्मश्री भगवानदास रायकवार पंचतत्व में विलीन

## गौरवशाली परंपरा, प्राचीन शस्त्र कला 'अखाड़ा' को दिलाई वैश्विक पहचान

**सागर 19 अप्रैल. बुंदेलखंड की गौरवशाली परंपरा और प्राचीन शस्त्र कला 'अखाड़ा' को वैश्विक पहचान दिलाने वाले पद्मश्री (2026) के लिए चयनित अखाड़ा गुरु भगवानदास रायकवार 'दाऊ' रविवार को पंचतत्व में विलीन हो गए. उनका शनिवार की रात को निधन हो गया.**

रविवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार हुआ. एसडीएम अमन मिश्रा, तहसीलदार संदीप तिवारी के द्वारा मुक्तिधाम पहुंचकर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई एवं तिरंगा झंडा अर्पित किया गया.



पुलिस विभाग के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. पद्मश्री भगवान दास रैकवार का भोपाल स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में उपचार के दौरान निधन हुआ. वे पिछले कई दिनों से अस्वस्थ थे और वेंटिलेटर पर जीवन की जंग लड़ रहे थे.

> दाऊ जी को पहले सागर के चैतन्य हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां 17 मार्च से उनका इलाज चल रहा था. हालत में सुधार न होने पर 7 अप्रैल को उन्हें बेहतर उपचार के लिए भोपाल रेफर किया गया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका. बीती रात्रि में उनके पुत्र राजकुमार ने गहरे दुख के साथ उनके निधन की जानकारी दी. 83 वर्षीय भगवानदास रायकवार ने अपना पूरा जीवन बुंदेलखंड की पारंपरिक शस्त्र युद्ध कला 'अखाड़ा' के संरक्षण और प्रचार-प्रसार को समर्पित कर दिया.

# किसान की मौत पर सियासी घमासान

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 19 अप्रैल. विदिशा जिले की शमशाबाद तहसील के सांगुल गांव में एक किसान की मौत के बाद प्रदेश की सियासत गरमा गई है. मध्य प्रदेश कांग्रेस ने इस घटना को आत्महत्या नहीं, बल्कि "प्रशासनिक हत्या" करार देते हुए राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है.**

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रवक्ता राहुल राज ने आरोप लगाया कि किसान कल्लू जाट को राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत का शिकार होना पड़ा. उन्होंने कहा कि किसान की छह बीघा जमीन को कथित रूप से रिकॉर्ड में घटाकर आधा बीघा कर दिया गया, जिसके चलते वह लंबे



### पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग

समय तक न्याय के लिए भटकता रहा, लेकिन प्रशासन से उसे कोई राहत नहीं मिली.

राहुल राज ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित पटवारी के खिलाफ पूर्व में की गई शिकायतों पर राजनीतिक संरक्षण के चलते कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे उसकी मनमानी बढ़ती गई. उन्होंने कृषि और राजस्व व्यवस्था में खामियों जैसे फसल रिकॉर्ड में गड़बड़ी, भुगतान में देरी और खरीदी प्रक्रियाओं में अव्यवस्था को भी इस घटना के लिए जिम्मेदार बताया.

> कांग्रेस ने दोषी अधिकारियों के तत्काल निलंबन, न्यायिक जांच और पीड़ित परिवार को मुआवजा व एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है. पार्टी ने चेतावनी दी है कि मांगें नहीं मानी गईं तो प्रदेशभर में आंदोलन किया जाएगा.



## परियोजना क्षेत्र में कोयला लोडेड वाहन पलटा

**सिंगरौली.** जिले की एनसीएल निगाही परियोजना में एक बार फिर सुरक्षा मानकों की अनदेखी सामने आई है. कांटे के पास कोयला लोड एक भारी वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया और कुछ देर तक कामकाज बाधित रहा. गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि की खबर नहीं है, लेकिन घटना ने प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.

# सतपुरा- पड़विार मार्ग निर्माण में लापरवाही क्यों ?

नवभारत न्यूज

**चाकघाट 19 अप्रैल, समीपस्थ ग्राम सतपुरा एवं पड़विार जनपद (प्रयागराज उत्तर प्रदेश) गांव में आने-जाने हेतु प्रमुख मार्ग जो मौजूदा वक्त में पी0डब्ल्यू0डी0 के अधीनस्थ है.**

उक्त मार्ग के मरम्मत हेतु ठेकेदार अनिल पासी जी को नियुक्त किया गया है। जिन्हें सतपुरा स्कूल से पड़विार गांव तक की सड़क को रिपेयर कर डामरीकरण करना है, किंतु अनेकों स्थानों पर गिट्टी गिरा कर खुद ठेकेदार साहब ही नदारत हैं। इस शादी- विवाह के सीजन में गांव तक साइकिल या बाइक से पहुंचना अत्यंत ही दुर्लभ हो गया है। आए दिन लोग चोटिल भी हो रहे हैं। ज्ञातव्य हो कि वर्ष 1995 से 2005 के मध्य विधायक रहे माननीय उदयभान करवरिया जी के अथक प्रयास एवं उनके विशेष पहल पर इस मार्ग का पहली बार डामर युक्त सड़क का निर्माण कराया गया था। किंतु आज 25 वर्ष बीत जाने के बाद किसी तरह से रिपेयरिंग की स्वीकृति मिली भी तो ठेकेदार साहब लापरवाही पर उतारू है ऐसा क्यों किया जा रहा है ? संयुक्त गांव के निवासी सर्वश्री नारीबारी उत्तर प्रदेश समिति के अध्यक्ष इंद्रमणि प्रसाद तिवारी, सरपंच प्रदीप मिश्रा, पूर्व सरपंच महेश तिवारी, राजबहोर तिवारी, रमाकांत पांडे( मुन्ना), रमाशंकर सिंह, शंभू पांडे, कृष्णकांत पांडे इत्यादि लोगों ने संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी महोदय से विनम्रता पूर्वक मांग किया है, कि उक्त लंबित कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण कराया जाए जिससे आवागमन में ग्रामीणों को परेशानी न हो सके।



### भाजपा नेताओं ने किया आक्रोश मार्च की तैयारियों का अवलोकन

**भोपाल.** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने नारी शक्ति वंदन विधेयक गिरने के विरोध में एमवीएम ग्राउंड, भोपाल में सोमवार 20 अप्रैल को आयोजित होने वाले आक्रोश मार्च की तैयारियों का अवलोकन रविवार को किया. इस अवसर पर प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, पूर्व मंत्री, प्रदेश प्रवक्ता व विधायकमती अर्चना चिटनीस, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी परांजपे एवं प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अंशुल तिवारी सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.

## सगाई में हर्ष फायर करने पर दूल्हे पर मामला दर्ज

**शिवपुरी.** जिले के तेंदुआ थाना क्षेत्र के एक गांव में सगाई समारोह के दौरान हर्ष फायर करना दूल्हे को महंगा पड़ गया. पुलिस ने आरोपी दूल्हे के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम में ममलेश यादव नामक युवक की शनिवार रात सगाई थी, जिसमें उसने हर्ष फायर किए. इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसके खिलाफ मामला दर्ज किया. बताया गया है कि आज उसकी बारात जानी थी, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने कार्रवाई कर प्रकरण दर्ज कर लिया है. मामले की जांच की जा रही है.

# तीसरी लाइन परियोजना से प्रदेश को मिली रफ्तार

**भोपाल, 19 अप्रैल. पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत बीना-कटनी रेलखंड पर तीसरी लाइन परियोजना का कार्य पूर्ण हो गया है. बांदकपुर से घटेरा खंड के पूरा होने के साथ 259.91 किमी लंबी यह परियोजना साकार हुई, जिसकी लागत लगभग 4000 करोड़ रुपये रही. वर्ष 2016-17 में स्वीकृत इस परियोजना में 12 महत्वपूर्ण, 26 बड़े और 311 छोटे पुलों का निर्माण किया गया, जबकि 32 रेलवे स्टेशन इससे लाभान्वित हुए हैं.**

बीना और कटनी दोनों ही मध्यप्रदेश के प्रमुख रेलवे जंक्शन हैं. कटनी पांच दिशाओं को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण केंद्र है, वहीं बीना उत्तर और मध्य भारत के बीच प्रमुख कड़ी का काम करता है. ऐसे में इनके बीच तीसरी लाइन बनने से रेल नेटवर्क की क्षमता और मजबूती बढ़ी है. यह रेलखंड देश के प्रमुख कोयला परिवहन मार्गों में शामिल है. नई लाइन शुरू होने से मालगाड़ियों की आवाजाही तेज हुई है, ट्रैफिक दबाव कम हुआ है और कोयले की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित होगी, जिससे बिजली उत्पादन पर सकारात्मक असर पड़ेगा.

परियोजना का असर सागर, दमोह और कटनी जिलों के विकास पर भी दिखेगा. इससे औद्योगिक निवेश बढ़ेगा, रोजगार के अवसर पैदा होंगे और व्यापार, कृषि व खनन क्षेत्रों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी. रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों से यह परियोजना समय पर पूरी हो सकी. यह तीसरी लाइन न केवल मध्यप्रदेश, बल्कि देश के रेल नेटवर्क के लिए भी महत्वपूर्ण साबित होगी और क्षेत्रीय विकास में मील का पत्थर बनेगी.

### विश्व धरोहर दिवस पर विविध आयोजन

**भोपाल.** भोपाल के निशातपुरा स्थित सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना में विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. यह आयोजन मुख्य कारखाना प्रबंधक प्रफुल्ल वी. कोहाडे के संरक्षण में हुआ, जिसमें संगोष्ठी, हैरिटेज गैलरी में वीडियो शो, प्रश्नमंच और हैरिटेज कोच की आकर्षक सजावट प्रमुख रहे. इन कार्यक्रमों का संचालन राजभाषा अनुभाग और ई.एन.एच.एम. अनुभाग द्वारा किया गया. मुख्य समारोह प्रशासनिक भवन के सभागार में आयोजित हुआ, जिसकी शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और सांस्कृतिक अकादमी के कलाकारों द्वारा सरस्वती वंदना से हुई. उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर सोहन सिंह परमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत पौधा भेंट कर किया. सहायक कार्मिक अधिकारी एवं संपर्क राजभाषा अधिकारी एमएल मौना ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की.



राजनीति | गंभीर विषयों से भटकाने के लिए महिला आरक्षण जैसे संवेदनशील मुद्दों को बार-बार उठाया जा रहा

# महिला आरक्षण लागू करने में देरी पर पटवारी चिंतित

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 19 अप्रैल. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने महिला आरक्षण को लेकर हाल के राष्ट्रीय घटनाक्रम के मद्देनजर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश की जनता अब केवल भाषण नहीं, बल्कि ठोस जवाब चाहती है.**

मीडिया से बातचीत में पटवारी ने कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों में व्यापक सहमति है, लेकिन केंद्र सरकार इसे राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है. उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में सर्वसम्मति से पारित 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' अब तक लागू नहीं किया गया है, जबकि हाल में जारी अधिसूचनाओं के बाद इसे तुरंत लागू किया जा सकता था.



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने आरोप लगाया कि सरकार महिला आरक्षण को परिसीमन प्रक्रिया से जोड़कर अपने राजनीतिक हित साधना चाहती है. उनका कहना था कि इस तरीके से मनमाने बदलाव की गुंजाइश बनती है और जातिगत जनगणना की मांग को टालने का प्रयास किया जा रहा है, जो पारदर्शिता और लोकतांत्रिक जवाबदेही के लिए चिंता का विषय है.

महिला आरक्षण विधेयक को लेकर हाल के राष्ट्रीय घटनाक्रम के परिप्रेक्ष्य में उन्होंने दोहराया कि कांग्रेस और पूरा विपक्ष महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के पक्ष में पूरी तरह प्रतिबद्ध है, लेकिन संविधान के मूल सिद्धांतों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा.

> **महंगाई, बेरोजगारी का सरकार से जवाब मांगा**
>
> इसके साथ ही पटवारी ने रुपये में गिरावट, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और कमजोर होती विदेश नीति जैसे मुद्दों पर भी सरकार से जवाब मांगा. उन्होंने कहा कि इन गंभीर विषयों से ध्यान भटकाने के लिए महिला आरक्षण जैसे संवेदनशील मुद्दों को बार-बार उठाया जा रहा है. उन्होंने सरकार से मांग की कि मौजूदा संसदीय ढांचे में ही महिला आरक्षण लागू किया जाए और इसमें ओबीसी वर्ग की महिलाओं को भी समुचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए.

## पेज एक का शेष

# टीएमसी ने बंगाल की बहनों को धोखा दिया : पीएम मोदी

मोदी ने यह सुनिश्चित किया. हम चाहते थे कि इसे 2029 से लागू किया जाए, लेकिन टीएमसी नहीं चाहती थी कि बंगाल की बेटियां ज्यादा संख्या में एमएलए और एमपी बनें क्योंकि बंगाल की बेटियां इनके महा जंगलराज को चुनौती दे रही हैं. इसलिए टीएमसी ने कांग्रेस के साथ मिलकर साजिश रची, ताकि यह बिल पारित न हो पाए.

पश्चिम बंगाल में पीएम ने झालमूड़ी खाई: पीएम मोदी रविवार को पश्चिम बंगाल के दौरे पर थे. झाड़ग्राम में उन्होंने रैली की. इस दौरान रास्ते में वह एक दुकान पर रुके और झालमूड़ी खाई. झालमूड़ी बनाते हुए दुकानदार ने पूछा कि आप प्याज खाते हैं. पीएम ने जवाब दिया- हां प्याज खाता हूं बस दिमाग नहीं. यह सुनकर दुकानदार हंसने लगा. पीएम ने दुकानदार से इस मुलाकात का करीब 40 सेकेंड का वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया. साथ ही कुछ तस्वीरें भी शेयर कीं. पीएम ने राष्ट्र के नाम ममता बनर्जी ने पीएम मोदी पर राजनीतिक प्रचार के लिए सरकारी मशीनरी का 'गलत इस्तेमाल' करने का आरोप लगाया.

## भोपाल में आज निकलेगी आक्रोश रैली

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने कहा कि देश की महिलाएं 70 साल से अपने अधिकार की लड़ाई लड़ रही हैं. संसद और राज्यों की विधानाभाओं में देश की आधी आबादी को 33 प्रतिशत आरक्षण उनका अधिकार है. आजादी के बाद करीब 50 सालों तक देश में शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं को कभी उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रयास नहीं किया. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम लाकर देश की आधी आबादी को उनका अधिकार दिलाने का प्रयास किया, लेकिन कांग्रेस फिर विरोध में उतर आई. ये रहे मौजूद: पत्रकार-वार्ता के दौरान मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया, प्रदेश शासन की राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता, पूर्व मंत्री व विधायक अर्चना चिटनीस, सांसद माया नारोलिया, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल मंचासीन रहे.

यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने दी.